# स्वतंत्र निदेशक के लिए नियुक्ति पत्र

प्रिय श्री ..........................

रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड के पत्र सं..................दिनांक ..............के संदर्भ में भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड (कॉनकॉर/कंपनी) के बोर्ड में आपका नामांकन गैर आधिकारिक अंशकालिक निदेशक (स्वतंत्र निदेशक) के रूप में किया जाता है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (8) की अनुसूची IV के अंतर्गत, स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति एक औपचारिक नियुक्ति पत्र द्वारा की जाएगी। नियुक्ति पत्र में नियुक्ति से संबंधित सभी नियम एवं शर्तें होगी जोकि निम्न हैं –

## 1. निदेशक के रूप में नियुक्ति

निदेशक मंडल ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत आपको कॉनकॉर के निदेशक मंडल में दिनांक .............को नियुक्त किया है तथा शेयरहोल्डरों का अनुमोदन दिनांक .............को आयोजित वार्षिक सामान्य बैठक में ली जाएगी। यह नियुक्ति .............. से................तक की अवधि के लिए होगी। कंपनी के साथ आपका रिश्ता एक ऑफिस होल्डर के अनुबंध के रूप में होगा न कि कंपनी में रोजगार के लिए अनुबंध के तौर पर। कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के विषयानुगत आपकी नियुक्ति अधिकतम अनुमेय निदेशक के तौर पर सूचीबद्ध समझौते के अनुसार हैं। स्वतंत्र निदेशक टर्म को कंपनी अधिनियम, 2013 तथा सूचीबद्ध समझौते के तहत परिभाषित किया गया है।

## 2. समिति का नामांकन

3. आपकी नियुक्ति कंपनी के निदेशक मंडल के द्वारा बोर्ड की समिति (यों) में की जाएगी तथा यह नियुक्ति लागू नियमों एवं शर्तों के संदर्भ के अनुसार होगी।

## 3. भूमिका, कर्तव्य और जिम्मेदारियाँ

कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत आपकी भूमिका, कर्तव्य और जिम्मेदारियां एक गैर कार्यपालक स्वतंत्र निदेशक के रूप में अपेक्षित हैं जो निगमित शासन पर डीपीई के दिशानिदेश एवं सूचीब्द्ध समझौते है जिसमें अन्य बातों के साथ निम्न शामिल हैं –

l बोर्ड के विचार-विमर्श पर एक स्वतंत्र निर्णय लाना। वित्तीय विवरण तैयार करते समय उचित एवं पर्याप्त ध्यान देना, लेखा मानकों का पालन करना, लेखांकन नीतियों का चयन,

पर्याप्त लेखा अभिलेखों को बनाए रखना, आंतरिक वित्तीय नियंत्रण रखना, कंपनी के स्वतंत्र निदेशक संबंधी मानदंडों को बनाए रखना।

ļ कंपनी के आर्टिकल्स के अनुसार कार्य करना, कंपनी के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्य करना, कौशल एवं परिश्रम, कंपनी के हित को ध्यान में रखते हुए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बिना किसी लाभ या अनुचित लाभ इत्यादि प्राप्त करने के उद्देश्य के बिना स्वतंत्र निर्णय देना।

4. **समय की प्रतिबद्धता**

एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में आपसे यह अपेक्षा की जाती है कि वित्तीय शुचिता एवं निगमित शासन के उच्चमानकों को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी की कार्यनीति, निष्पादन तथा जोखिम प्रबंधन एवं अन्य क्षेत्रों के संबंध में बोर्ड के विचार-विमर्श में वस्तुनिष्ठतता एवं अभिमत की स्वतंत्रता स्थापित करेंगे। बोर्ड और लेखापरीक्षा समिति की वर्ष में कम से कम चार बैठकें हो। इसके अतिरिक्त, अन्य समितियां जैसे नामांकन तथा पारिश्रमिक समिति, स्टैकहोल्डर संबंधी समिति एवं निगमित सामाजिक दायित्व समिति की बैठके समय-समय पर होंगी। आप से यह आशा कि जाती है कि आप बोर्ड की बैठको तथा अन्य समिति की बैठकों जिसके आप सदस्य हैं, में शामिल हों तथा अपने कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पालन करने हेतु अपना उपयुक्त समय दें। यह सभी बैठके सामान्यत: दिल्ली तथा/या अन्य स्थानों जहां पर भी तय की गई हों आयोजित की जाती है।

1. **पारिश्रमिक**

वर्तमान में बोर्ड/ समिति की बैठकों में भाग लेने हेतु स्वतंत्र निदेशकों को लागू करों के साथ कुल 20,000 रुपये का भुगतान किया जा रहा है। कंपनी के बोर्ड / समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए एक निदेशक के रूप में अपनी भूमिका में किए गए आकस्मिक व्यय जिसमें बोर्ड/ समिति की बैठकों में किए गए यात्रा व्यय, आवास पर किया गया व्यय आदि कंपनी वहन करेगी या कार्यालयी कार्यो /प्रशिक्षण आदि हेतु किए गए व्यय जिसको उचित तथा ठीक से प्रलेखित किया गया हो की प्रतिपूर्ती कंपनी करेगी।

2. **कंपनी के लिए सलाह**

किसी अवसर पर जब आप किसी मामले पर स्वतंत्र पेशेवर की सलाह लेने हेतु सोच रहे हों तो आप कंपनी के खर्च पर स्वतंत्र सलाहकारों से परामर्श कर सकते हैं, किसी भी मामले में जोकि निदेशक के रूप में आपकी जिम्मेदारी से जुडा हो। इस सलाह की प्रतियां बोर्ड के सभी सदस्यों को, उनके लाभ के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

7. **कंपनी की नीतियां एवं प्रकटन**

कंपनी के एक निदेशक के रूप में आपसे अपेक्षा होगी कि आप लागू कॉर्पोरेट नियमों के प्रावधानों के अनुसार हमेशा कार्य करें और कंपनी की कॉर्पोरेट नीतियों एवं प्रक्रियाओं का अनुपालन हो,जिसमें एक निदेशक के रूप में आपकी भूमिका है तथा इसमें निगमित शासन, प्रशासन, आचार संहिता, इनसाइडर ट्रेडिंग आदि शामिल है। इसका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आपको पालन एवं लागू प्रकटनों को प्रकट करना तथा/या जो निदेशक के रूप में आपकी भूमिका प्रभावित कर सकती है। इससे संबंधित सम्मिलित अन्य बातें हैं:-

➢ एक व्यक्ति विशेष, फर्म या कंपनी के साथ किसी भी अनुबंध में अभिरूचि का एक सामान्य नोटिस।

➢ कंपनी के मामलों या व्यवसाय के संबंध में किसी भी प्रासंगिक या सामग्री वैयक्तिक हित या संघर्ष में बोर्ड के नोटिस में लाना यदि यह सामान्य नोटिस में शामिल नहीं है।

➢ डायरेक्टरशिप का विवरण/समिति की सदस्यता तथा उसमें परिवर्तन।

➢ इनसाइडर ट्रेडिंग पर "बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों के लिए आचार संहिता" और कंपनी की नीति के बारे में बताना और उसका अनुपालन।

8. **स्वतंत्र निदेशकों के लिए परिचय कार्यक्रम**

उपर्युक्त के संबंध में, कॉनकॉर आपको कंपनी के व्यवसाय एवं परिचालन, भूमिका, अधिकार, कंपनी में उत्तरदायित्व, उद्योग की प्रकृति आदि समझाने के लिए सतत आधार पर प्रशिक्षण हेतु एक संरचित कार्यक्रम का पालन करेगा। कंपनी  बोर्ड के सदस्यों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रायोजक होगी। बोर्ड/समिति के एक सदस्य के रूप में आप इस तरह के परिचय कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रयास करेंगे।

9. **गोपनीयता**

कंपनी और उसके कार्यों के बारे में गोपनीय जानकारी आपके अधिकार क्षेत्र में होगी। आप केवल अपने कर्तव्यों के उचित निष्पादन में अथवा कानून द्वारा आवश्यकता के रूप में इस जानकारी का उपयोग कर सकते हैं।

आप स्वयं को या दूसरों के लाभ के लिए इस्तेमाल करते हैं, या कंपनी की हानि पहुंचाने के लिए नहीं होना चाहिए

10. **बोर्ड मूल्यांकन**

बोर्ड मूल्यांकन विषय पर जारी नीति के कार्यान्वयन और अंगीकरण के संबंध में डीपीई दिशानिर्देशों पर यदि कोई है तो कंपनी को वार्षिक आधार पर समग्र बोर्ड का बोर्ड समितियों और निर्देशकों के निष्पादन का मूल्यांकन करे।

11. **कार्यकाल की समाप्ति**

आप किसी भी समय अपने पद से इस्तीफा दे सकते है और आप ऐसा करते है तो आपसे अनुरोध है कि इस्तीफे देने के कारणों को बताते हुए एक लिखित नोटिस दें। आपकी नियुक्ति कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार भी कुछ विशिष्ट अवसरों पर समाप्त भी की जा सकती है।

12. **शासकीय कानून**

इस पत्र की शासन और भारतीय कानून के अनुसार व्याख्या की जाएगी और आपकी नियुक्ति भारतीय अदालतों के न्यायिक क्षेत्र के अधीन है।

आप कॉनकॉर के एक अकार्यात्मक अंशकालिक निदेशक(स्वतंत्र निदेशक) के रूप में अपनी नियुक्ति से संबंधित नियुक्ति की इन शर्तों को स्वीकार करने को तैयार हैं तो कृपया इस पत्र के साथ संलग्न प्रति पर हस्ताक्षर कर और हमें वापस भेज इन शर्तों की अपनी स्वीकृति की पुष्टि करें।

भवदीय
कृते और भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड की ओर से

**(अनिल कुमार गुप्ता)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**

मैं पावती तथा इस पत्र में निर्धारित शर्तों को स्वीकार करता हूँ।

हस्ताक्षर :..............
दिनांक : ................

(यह नियुक्ति का मॉडल पत्र और समय-समय पर संशोधन/सुधार के अधीन है)